# जनविश्वास अभियान के शिविर में मौके पर हुआ समस्याओं का निराकरण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, दमोहः** मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत हटा में आयोजित शिविर में ग्रामीणों और आम नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं। विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी दी। विधायक उमा देवी खटीक और कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया और हितग्राहियों से संवाद कर योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी ली। अधिकारियों ने पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और योजनाओं के लाभ के संबंध में लोगों को जानकारी दी।

शिविर में विधायक उमा देवी खटीक ने टीबी मरीज को फूड बास्केट वितरित किया। इससे मरीज को उपचार के साथ पोषण संबंधी सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिन्हित कमजोर नजर वाले दो बच्चों को मंच से निःशुल्क चश्मे भी वितरित किए गए। चश्मा मिलने के बाद बच्चों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी।

मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा कि गांव-गांव में विकास को गति देने, पात्र हितग्राहियों को उनका अधिकार दिलाने और किसानों सहित आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए शिविरों के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से सुनवाई की जा रही है। जनविश्वास अभियान में ग्रामीण क्षेत्रों की व्यक्तिगत समस्याओं और लंबित कार्यों की जानकारी लेकर उनके निराकरण की दिशा में कार्रवाई की जा रही है।

विधायक उमा देवी खटीक ने कहा कि शिविर के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को उनकी पात्रता के अनुसार जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हटा विधानसभा क्षेत्र के विकास और लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शिविर का उद्देश्य जनकल्याण से जुड़े कार्यों का निराकरण और पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ना है।

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने तथा योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को लाभ दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास जरूरी हैं।

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन को गंभीरता और संवेदनशीलता से लिया जाए। आवेदकों को अपने समक्ष बुलाकर उनकी समस्या समझते हुए यथासंभव मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समाधान उनकी पहुंच के निकट करना है।

कलेक्टर ने क्षेत्र के उद्यमियों से भी संवाद किया और उनकी आवश्यकताओं व सुझावों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नए उद्यम स्थापित करने में आवश्यकतानुसार हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

## खास-खबरें

### प्रेरणा कॉन्वेंट की तीन छात्राओं का संभागीय फुटबॉल टीम में चयन



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, नर्मदापुरम:** खेल के क्षेत्र में प्रेरणा कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की तीन छात्राओं ने उपलब्धि हासिल की है। आगामी संभाग स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए विद्यालय की छात्राएं अनन्या गौर, हर्षिता विश्वकर्मा और अनन्या दुबे का संभागीय फुटबॉल टीम में चयन हुआ है। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन बैतूल में किया जाएगा। तीनों खिलाड़ियों के चयन की जानकारी मिलने के बाद विद्यालय में खुशी का माहौल है। स्कूल प्रबंधन, प्राचार्य और खेल शिक्षकों ने छात्राओं को बधाई देते हुए, कहा कि नियमित अभ्यास, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण के चलते उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। छात्राओं के चयन को विद्यालय के लिए गौरव का विषय बताया गया।

### भीकनगांव में दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, भीकनगांवः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भीकनगांव तहसील मुख्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर परिषद की ओर से नगर के अलग-अलग स्थानों पर दीप प्रज्वलित किए गए। बस स्टैंड परिसर में भी बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग एकत्र हुए। कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद के कर्मचारियों ने नगर के विभिन्न स्थानों पर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम की तैयारियां कीं। कर्मचारियों ने दिनभर व्यवस्थाओं में सहयोग किया। शाम के समय नगर के प्रमुख स्थानों पर दीप जलाए गए। बस स्टैंड पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष नंदा ब्राह्मण सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष उमाकांत शर्मा सहित अन्य स्थानीय लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना की। आयोजन के दौरान नगर परिषद की ओर से विभिन्न स्थानों पर दीप प्रज्वलन कराया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों की सहभागिता रही। शहर में दीप प्रज्वलन के कारण कई स्थानों पर उत्सव जैसा माहौल रहा।

### नर्मदा घाट पर 2 हजार दीपों से जगमगाया तट, 108 दीपों से हुई महाआरती



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, बड़वाहः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर समीपस्थ नावघाटखेड़ी स्थित नर्मदा तट पर 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और विभिन्न समूहों के सदस्यों ने करीब 2 हजार दीप प्रज्वलित किए। दीपों से नर्मदा तट जगमगा उठा। प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान माँ नर्मदा की 108 दीपों से महाआरती की गई। नर्मदा घाट को फूलों की आकर्षक रंगोली से सजाया गया था। शाम के समय दीप प्रज्वलित होने के बाद घाट का दृश्य मनोहारी नजर आया। यह आयोजन सेवा संकल्प अभियान के तहत किया गया। अभियान के अंतर्गत संपूर्ण बड़वाह विधानसभा क्षेत्र में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक विभिन्न सांस्कृतिक और जनभागीदारी से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में विधायक सचिन बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 25 वर्षों का सेवा कार्यकाल राष्ट्र के सशक्तीकरण और नवनिर्माण से जुड़ा रहा है।

## सिरपुर-जामली-बोरगांव सड़क पर सियासत तेज
# विधायक ने कांग्रेस के प्रदर्शन पर किया पलटवार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, खंडवाः** सिरपुर-जामली-बोरगांव मार्ग की बदहाली को लेकर कांग्रेस के प्रदर्शन के बाद पंधाना विधायक छाया गोविंद मोरे ने पलटवार किया है। विधायक ने दावा किया कि 15.5 किलोमीटर लंबे मार्ग को पहले ही स्वीकृति मिल चुकी है और लोक निर्माण विभाग ने इसके लिए टेंडर जारी कर दिया है। उनके अनुसार टेंडर 28 सितंबर को खोला जाना प्रस्तावित है।

विधायक ने लोक निर्माण विभाग की वेबसाइट पर जारी टेंडर से संबंधित दस्तावेज और पूर्व स्वीकृति आदेश सार्वजनिक करते हुए कहा कि सड़क निर्माण की प्रक्रिया शासन स्तर पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में सड़क के गड्ढों में पौधे लगाकर प्रदर्शन करना राजनीतिक गतिविधि तक सीमित है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं से विकास कार्यों को लेकर तथ्यात्मक जानकारी सामने रखने की बात कही।

मोरे ने कहा कि यदि सड़क निर्माण की गति, गुणवत्ता या समयसीमा को लेकर कोई आपत्ति है तो संबंधित विभाग और प्रशासन के समक्ष लिखित शिकायत की जा सकती है। उन्होंने जनसुनवाई में भी समस्या रखने की बात कही।

विधायक ने आरोप लगाया कि कुछ कांग्रेस नेता पूरी जानकारी के बिना ग्रामीणों के बीच मुद्दा उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी प्रक्रिया और सड़क की स्वीकृति की स्थिति की जानकारी लेने के बाद ही सार्वजनिक रूप से बात रखी जानी चाहिए। हालांकि, कांग्रेस की ओर से लगाए गए आरोपों या प्रदर्शन के संबंध में इस बयान के साथ उसका पक्ष उपलब्ध नहीं कराया गया है।

मोरे के अनुसार सिरपुर-जामली-बोरगांव मार्ग की टेंडर प्रक्रिया 28 सितंबर को आगे बढ़ेगी और वर्षा ऋतु समाप्त होने के बाद निर्माण कार्य शुरू करने की योजना है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण की प्रगति पर निगरानी रखी जाएगी और विभाग से समय-समय पर जानकारी ली जाएगी।

सिरपुर-जामली-डोंगरेगांव-बोरगांव मार्ग को पंधाना क्षेत्र के सड़क विकास कार्यों में शामिल किए जाने की जानकारी पूर्व में भी सार्वजनिक हुई है।

# 16 सूत्री मांगों को लेकर पंचायत सचिवों ने सौंपा ज्ञापन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, बड़वाहः** मध्य प्रदेश पंचायत सचिव संगठन के आह्वान पर शुक्रवार को बड़वाह जनपद पंचायत विकासखंड के पंचायत सचिवों ने 16 सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जनपद पंचायत सीईओ मुकेश जैन को सौंपा। ज्ञापन में पंचायत सचिव संवर्ग की लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण और शासन द्वारा पूर्व में की गई घोषणाओं के लंबित आदेश जारी करने की मांग की गई।

ज्ञापन का वाचन पंचायत सचिव संगठन के जिलाध्यक्ष राजेंद्र मकावाने ने किया। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिव ग्राम पंचायत स्तर पर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सीमित संसाधनों और बढ़ते कार्यभार के बावजूद वे शासन और ग्रामीण जनता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य कर रहे हैं।

संगठन ने कहा कि पंचायत सचिवों से उनके मूल पंचायत दायित्वों के अतिरिक्त राजस्व एवं अन्य विभागों से संबंधित कार्य भी कराए जा रहे हैं। ज्ञापन में स्वामित्व योजना सहित राजस्व प्रकृति के कार्यों से पंचायत सचिवों को मुक्त करने और इन कार्यों की जिम्मेदारी संबंधित विभाग के अमले को सौंपने की मांग प्रमुखता से रखी गई।

ब्लाक अध्यक्ष सनावद यशवंत पाटिल ने कहा कि यदि मांगों का शीघ्र और सकारात्मक निराकरण नहीं किया गया तो संगठन सरकार के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन करेगा। इस अवसर पर श्रीराम साद, रमेश परिहार, जगदीश वानखेड़े, कमल पवार, मुकेश निगवाल, रघुनाथ पटेल, राकेश टटवारे, बाबूलाल सिटोले सहित अन्य पंचायत सचिव मौजूद रहे।

## चेक बाउंस मामले में इंजीनियर नीतिन मालवीय दोषमुक्त

**खरगोन।** 22.50 लाख रुपये के चर्चित चेक बाउंस मामले में इंजीनियर नीतिन मालवीय को अपीलीय न्यायालय से राहत मिली है। तृतीय अपर सत्र न्यायालय ने आपराधिक अपील स्वीकार करते हुए पूर्व में पारित दोषसिद्धि के निर्णय को निरस्त कर दिया और मालवीय को परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के आरोप से दोषमुक्त कर दिया। मामले में परिवादी राकेश चौधरी ने 22 लाख 50 हजार रुपये के चेक के आधार पर परिवाद प्रस्तुत किया था। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत ने 17 दिसंबर 2025 को नीतिन मालवीय को धारा 138 के तहत दोषी ठहराते हुए दो वर्ष के सश्रम कारावास और कुल 26 लाख 32 हजार 250 रुपये अदा करने का आदेश दिया था। इसके विरुद्ध मालवीय की ओर से आपराधिक अपील प्रस्तुत की गई। अपीलीय न्यायालय में सुनवाई के दौरान प्रकरण से जुड़े मौखिक और दस्तावेजी साक्ष्यों का परीक्षण किया गया। न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि उपलब्ध साक्ष्यों से यह पर्याप्त रूप से प्रमाणित नहीं हो सका कि 22.50 लाख रुपये की कथित वैध देयता कब, किस प्रकार और किस लेन-देन से उत्पन्न हुई थी।

# धमौरा में अंतरराज्यीय चोर गिरफ्तार 24 लाख की संपत्ति बरामद




**नईदुनिया प्रतिनिधि, छतरपुरः** ओरछा रोड थाना पुलिस ने ग्राम धमौरा में घर से सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने के मामले में एक अंतरराज्यीय आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किए गए आभूषण और वारदात में प्रयुक्त हुंडई एक्सटर कार समेत करीब 24 लाख रुपये की संपत्ति बरामद की है। आरोपित की पहचान चरण अहिरवार पिता सुम्मी अहिरवार, निवासी ग्राम देवथा, थाना अलीपुरा, जिला छतरपुर के रूप में हुई है।

ग्राम धमौरा निवासी विजय सिंह यादव ने 9 सितंबर को घर से सोने-चांदी के आभूषण चोरी होने की शिकायत ओरछा रोड थाने में दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने आरोपित की गिरफ्तारी और चोरी की संपत्ति बरामद करने के लिए टीम गठित की थी।

पुलिस के अनुसार आरोपित के पास से बड़ा हार, छोटा हार, दो अंगूठियां, चार सोने की चूड़ियां, चांदी की पायल, कमरबंद समेत अन्य आभूषण बरामद हुए हैं। इनकी अनुमानित कीमत 15 लाख रुपये से अधिक बताई गई है। इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल हुंडई एक्सटर कार भी जब्त की गई है।

पूछताछ में आरोपित ने जुलाई में लवकुशनगर थाना क्षेत्र की पठा चौकी अंतर्गत ग्राम हिनौता में भी चोरी करना स्वीकार किया है। इस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक चरण अहिरवार के खिलाफ छतरपुर के अलावा झांसी, निवाड़ी और महोबा के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी, हत्या के प्रयास और गैंगस्टर एक्ट समेत 14 से अधिक अपराध दर्ज हैं।

कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले, नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में ओरछा रोड थाना प्रभारी उप निरीक्षक दीपक यादव, साइबर प्रभारी निरीक्षक नेहा सिंह गुर्जर, अलीपुरा थाना प्रभारी उप निरीक्षक जितेंद्र सोनी, पठा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक वीरेंद्र परस्ते सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### लूट के तीन आरोपी गिरफ्तार

उधर सिविल लाइन थाना पुलिस ने मरघट पहाड़िया क्षेत्र में रात के समय घर में घुसकर लूट की वारदात करने के मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से लूटे गए सोने-चांदी के आभूषण, दो देशी कट्टे, कारतूस और चाकू सहित करीब तीन लाख रुपये की संपत्ति बरामद की है। मामले में दो अन्य आरोपित फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार 15 सितंबर की रात मरघट पहाड़िया निवासी अरविंद सोनी के घर में घुसकर लूट की वारदात हुई थी। शिकायत पर सिविल लाइन थाने में भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया।

# देवरी में 35 हजार दीपों से जगमगाया क्षेत्र प्रधानमंत्री के स्वस्थ जीवन की कामना



**नईदुनिया प्रतिनिधि, देवरीकलांः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर चल रहे एक माह के सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को क्षेत्र में 'आशीर्वाद का एक दिया' कार्यक्रम आयोजित किया गया। देवरी विधानसभा क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों, ग्राम पंचायतों और नगरीय क्षेत्रों में हजारों दीप प्रज्वलित किए गए। इस दौरान लोगों ने प्रधानमंत्री के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की।

कार्यक्रम का मुख्य आयोजन शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवरी में हुआ। यहां करीब 2120 दीप प्रज्वलित किए गए। दीपों से महाविद्यालय परिसर रोशन हो गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक पंडित बृज बिहारी पटेरिया शामिल हुए। विद्यार्थियों ने संस्कृत में विशेष प्रस्तुति दी। उपस्थित लोगों ने दीप जलाकर अभियान में सहभागिता की।

अभियान के तहत देवरी विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों और जनपद पंचायत मुख्यालय पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजकों के अनुसार क्षेत्रभर में करीब 35 हजार दीप प्रज्वलित किए गए। पंचायत स्तर पर हुए कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्रामीणों ने भाग लिया।


देवरी नगर पालिका क्षेत्र में किला मैदान, गंगा मंदिर परिसर और प्रधानमंत्री आवास योजना के शासकीय आवास परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर दीप प्रज्वलित किए गए। सांदीपनि विद्यालय में भी कार्यक्रम हुआ। मुख्य आयोजन में विधायक पंडित बृज बिहारी पटेरिया, एसडीएम मुनव्वर खान, राजेंद्र मिश्रा, अनिल ढीमोले, मोंटू सिंह राजपूत, प्रीतम सिंह राजपूत, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा उदय सिंह, मनोज जैन सहित अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी और नागरिक उपस्थित रहे।

शाम होते ही क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर एक साथ दीप प्रज्वलित होने से देवरी में उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता दर्ज कराई।

## पलकमती नदी घाट पर किया श्रमदान

**सेमरी हरचंद।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर परिषद सोहागपुर द्वारा स्वच्छता और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में पलकमती नदी के गौतम वार्ड स्थित घाट पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डॉ. बबीता राठौर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी धर्मेंद्र शर्मा, बीईओ राकेश उइके, नगर परिषद उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी सहित पार्षदों और गणमान्य नागरिकों ने घाट एवं आसपास के क्षेत्र में सफाई की। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, पार्षद कविता साहू, रविशंकर उइके, पार्षद प्रतिनिधि दीपक साहू, राकेश चौरसिया, जगदीश अहिरवार, गौरव अग्रवाल, जय माहेश्वरी, अश्वनी सरोज आदि मौजूद थे।

# 27 सितंबर को युवा कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह



**नईदुनिया प्रतिनिधि, आमलाः** सूर्यवंशी क्षत्रिय भोयर कुर्मी समाज जिला संगठन की बैठक उपनगर बोड़खी स्थित गणेश लॉन में आयोजित की गई। प्रांतीय सचिव हिरमन नागपुरे और जिला अध्यक्ष राजकुमार राठौर के नेतृत्व में हुई बैठक में समाज के विकास, युवाओं की भागीदारी और आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 27 सितंबर, रविवार को युवा संगठन की जिला, ब्लॉक और ग्रामीण कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का शपथ एवं पदभार ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रांतीय सचिव हिरमन नागपुरे ने कहा कि समाज की उन्नति में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। युवाओं की ऊर्जा और नेतृत्व क्षमता का उपयोग सामाजिक विकास के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और उन्हें नेतृत्व के अवसर देने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण है।

जिला अध्यक्ष राजकुमार राठौर ने कहा कि नई युवा कार्यकारिणियों के माध्यम से ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में सामाजिक गतिविधियों को गति मिलेगी। युवाओं को जिम्मेदारी देकर उन्हें समाज के हित में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

बैठक में सामाजिक मुद्दों और भावी कार्ययोजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने समाज में आपसी सामंजस्य और एकजुटता बनाए रखने तथा जरूरतमंद और कमजोर वर्गों की सहायता के लिए मिलकर कार्य करने पर जोर दिया। ग्रामीण समितियों के पदाधिकारियों ने अपने क्षेत्रों की गतिविधियों की जानकारी दी और 27 सितंबर के कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारियों पर चर्चा की।


**पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank**

सीओ एसएएम, कटनी : प्रथम मंजिल, आस्था प्लाज़ा, झर्रा तिकुरिया, कटनी - 483501 (म.प्र.)
ईमेल - coktnsamd@pnb.bank.in

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ताओं और जमानतदारों/बंधककर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक आधिपत्य/सांकेतिक आधिपत्य (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जो है'', ''जहाँ है'', ''जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों/बंधककर्ताओं से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपये की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे वर्णित दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशी निम्नलिखित है:

**ई-नीलामी दिनांक एवं समय -27.10.2026 सुबह 11:00 बजे से 05:00 बजे तक (आवश्यक होने पर सायंकल 05:00 बजे के बाद 10 मिनिट के अंतराल का विस्तार किया जाएगा )। ईएमडी जमा करने की अंतिम दिनांक 26.10.2026**

| उधारकर्ता/जमानतदार/ बंधककर्ता के नाम | अचल संपत्ति/प्रत्याभूत आस्ति का विवरण | अ) मांग सूचना दिनांक ब) आधिपत्य दिनांक स) आधिपत्य प्रकार द) बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार) | अ) आरक्षित मूल्य ब) धरोहर राशि स) बिड वृद्धि राशि द) ई नीलामी दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| **1. शाखा : गढ़ाकोटा (म.प्र.)** **1. मेसर्स अग्रवाल ग्रेन स्टोर्स प्रो. श्री राजेंद्र कुमार अग्रवाल पिता नीलकंठ अग्रवाल,** **पता-** राम वार्ड, गल्ला मंडी, रहली, गढ़ाकोटा, सागर, मप्र - पिन-470229, **2. श्री राजेंद्र कुमार अग्रवाल पिता नीलकंठ अग्रवाल** **पता-** मकान नंबर 100 जगदंबा मार्ग राम वार्ड मेन रोड, पटेरिया सागर मप्र 470229 | **1.** संपत्ति के समस्त भू भाग व अंश भूमि, खसरा नंबर 56/3 क्षेत्रफल 2213 वर्ग फीट यानि 205.66 वर्ग मीटर, ग्राम केकरा स्थित पी.एच. क्रमांक 37/32 तहसील गढ़ाकोटा जिला सागर (म.प्र.), **संपत्ति मालिक-** श्री राजेंद्र अग्रवाल पिता श्री नीलकंठ अग्रवाल, गढ़ाकोटा, जिला सागर, **चतुर्सीमा-उत्तर-** सागर दमोह रोड, **दक्षिण-**भागवत की भूमि, **पूर्व-** अनिल कुमार की भूमि, **पश्चिम-** अशोक बगैरा की भूमि **2.** संपत्ति के समस्त भू भाग व अंश भूमि, खसरा नं. 56/4 क्षेत्रफल 1092 वर्गफुट या 101.48 वर्गमीटर, मौजा ग्राम केकरा स्थित पी.एच.नं. 37/32, तहसील गढ़ाकोटा जिला सागर म.प्र., **संपत्ति मालिकः** श्री राजेंद्र अग्रवाल पिता श्री नीलकंठ अग्रवाल, गढ़ाकोटा, जिला सागर म.प्र., **चतुर्सीमा- उत्तर-** सागर दमोह रोड, **दक्षिण-** भागवत की भूमि, **पूर्व-** नरेंद्र कुमार अग्रवाल की भूमि, **पश्चिम-** भागवत की भूमि **3.** संपत्ति के समस्त भू भाग व अंश भूमि, खसरा नं. 18/3 (डायवर्सन के बाद नया खसरा नंबर 18/3/2) क्षेत्रफल 0.40 हेक्टेयर या 4000 वर्ग मीटर, मौजा ग्राम केकरा स्थित 0.98 हेक्टेयर में से 2.45 एकड़ पुराना पी.एच.नं. 26/37 नया पी.एच.नं. तहसील गढ़ाकोटा जिला सागर., **संपत्ति मालिक-** श्री राजेंद्र कुमार अग्रवाल गढ़ाकोटा, जिला सागर, **चतुर्सीमा- उत्तर-** राजेंद्र अग्रवाल का खसरा नं. 18/3/1, **दक्षिण-** सागर दमोह रोड, **पूर्व-** बालाप्रसाद का खसरा नं. 20, **पश्चिम-** नरेन्द्र कुमार अग्रवाल का खसरा नंबर 18/2/2 **4.** संपत्ति के समस्त भू भाग व अंश भूमि, खसरा नंबर 18/3 (डायवर्जन के बाद नया खसरा नंबर 18/3/1) का क्षेत्रफल - 0.98 हेक्टेयर या 2.45 एकड़ में से 0.5800 हेक्टेयर या 5800 वर्ग मीटर, मौजा ग्राम केकरा पुराना पी.एच.नं. 26/37 नवीन पी.एच. क्रमांक 32 तहसील गढ़ाकोटा जिला सागर म.प्र., **संपत्ति मालिक:** श्री राजेंद्र कुमार अग्रवाल गढ़ाकोटा, जिला सागर, **चतुर्सीमा: उत्तर-** आफत का खसरा नं. 16 एवं नरेन्द्र अग्रवाल का खसरा नं. 17, **दक्षिण-** राजेंद्र कुमार अग्रवाल का खसरा नं. 18/3/2, **पूर्व-** खसरा नं. 12 का क्षेत्रफल, **पश्चिम-** नरेन्द्र कुमार अग्रवाल का खसरा नंबर 18/2/1 एवं 18/2/2 एवं संध्या रानी का खसरा नं. 18/4 | अ) 06.11.2025 ब) 19.01.2026 स) सांकेतिक आधिपत्य द) रू.2,14,78,808.48 + ब्याज़ एवं अन्य व्यय | अ) 218.05 लाख ब) 0.22 लाख स) 0.25 लाख द) 27.10.2026 |
| **2. शाखा : गढ़ाकोटा (म.प्र.)** **1.मैसर्स नरेंद्र कुमार राजेंद्र कुमार अग्रवाल, प्रोपराईटर श्री नरेंद्र कुमार अग्रवाल पिता नीलकंठ अग्रवाल, पता-** राम वार्ड, मेन रोड, गढ़ाकोटा सागर (म.प्र.) पिन - 470229, **2. श्री नरेन्द्र कुमार अग्रवाल पिता नीलकंठ अग्रवाल, पता-** मकान नंबर 112, भगत सिंह वार्ड, गढ़ाकोटा पटेरिया सागर म.प्र. 470229 | **1.** व्यावसायिक परिवर्तित के समस्त भू भाग व अंश भूमि, पुराना पीएच नंबर 26/37, नया पीएच नंबर 32, हल्का केनकरा; पुराना खसरा नंबर 18/2 (डायवर्जन के बाद नया खसरा नंबर 18/2/1), एरिया 0.37 हेक्टेयर या 3700 वर्ग मीटर, गाँव केनकरा, तहसील गढ़ाकोटा, जिला सागर, मध्य प्रदेश। **संपत्ति मालिक:** श्री नरेंद्र कुमार अग्रवाल पिता श्री नीलकंठ अग्रवाल, निवासी राम वार्ड, गढ़ाकोटा, जिला सागर, **चतुर्सीमा** इस प्रकार हैं: **पूर्व में -** कुमार अग्रवाल राजेंद्र का खसरा नंबर 18/3/1; **पश्चिम में -** संध्या रानी का खसरा नंबर 18/4; **उत्तर में -** राजेंद्र का खसरा नंबर 18/3/1 और उसके बाद आफत की भूमि; **दक्षिण में -** बंधककर्ता नरेंद्र कुमार अग्रवाल का खसरा नंबर 18/2/2 **2.** व्यावसायिक परिवर्तित के समस्त भू भाग व अंश भूमि, खसरा नंबर 18/2/2, क्षेत्रफल 0.40 हेक्टेयर या 4000 वर्ग मीटर (डायवर्जन के बाद) 298/37, गांव केनकरा, तहसील गढ़ाकोटा, जिला सागर, मध्य प्रदेश। **संपत्ति मालिकः** श्री नरेंद्र कुमार अग्रवाल पिता श्री नीलकंठ अग्रवाल, निवासी राम वार्ड, गढ़ाकोटा, जिला सागर इसकी **चतुर्सीमा** इस प्रकार हैं: **पूर्व में -** नरेंद्र कुमार अग्रवाल की भूमि, **पश्चिम में -** संध्या रानी की भूमि, **उत्तर में -** राजेंद्र कुमार अग्रवाल का खसरा नंबर 18/3/1, **दक्षिण में -** सागर-दमोह रोड | अ) 22.05.2026 ब) 04.08.2026 स) सांकेतिक आधिपत्य द) रू. 2,09,04,515.92 + ब्याज़ एवं अन्य व्यय | अ) 1,71,49,500/- ब) 17,14,950/- स) 50,000/- द) 27.10.2026 |
| **3. शाखा : मेडिकल कॉलेज, रीवा (म.प्र.)** **1. श्री जय प्रकाश जयसवाल पिता हेमराज (उधारकर्ता),** पता- जयसवाल आरा मिल के पास, एचएन 7, डकेकाहा, जिला रीवा (म.प्र.) पिन 486001, **2. श्री रामराज जयसवाल पिता श्री लक्ष्मण प्रसाद जयसवाल (जमानतदार),** ऐड-1, वार्ड क्रमांक 05, ढेखा, तहसील हुजूर, जिला रीवा (म.प्र.) पिन 486001 | 1. रहवासी अचल संपत्ति का समस्त भू भाग और उस पर बना निर्माण, खसरा नंबर 54/43, क्षेत्रफल (54+58)/2 x(1705+25.5)/2 = 1204 वर्ग फीट, यानी 111.895 वर्ग फीट, ग्राम मैदानी 535, ग्राम पंचायत - मैदानी, पीएच - करहिया 25, आरएनएम और विकासखंड रीवा, आरआईसी रीवा, तहसील हुज़ूर, जिला रीवा (मप्र) में स्थित और दिनांक 29.11.2012 के रजिस्टर्ड सेल डीड के अनुसार इसकी चतुर्सीमा इस प्रकार - **चतुर्सीमा : पूर्व -** 40 फीट चौड़ी प्रस्तावित रोड, **पश्चिम -** ब्रिजेश शर्मा का प्लॉट, **उत्तर-** गोकरन प्रसाद का प्लॉट, **दक्षिण -** रविशंकर का प्लॉट **मालिक :** जय प्रकाश जयसवाल पिता रामजी जयसवाल | अ) 05.08.2024 ब) 18.02.2025 स) सांकेतिक आधिपत्य द) रू. 27,02,866.00 + ब्याज़ एवं अन्य व्यय | अ) 31,68,000/- ब) 3,16,800/- स) 25,000/- द) 27.10.2026 |

**संपत्तियों पर भार जिनकी जानकारी प्रतिभूत लेनदार को है: जानकारी उपलब्ध नहीं है**

**सरफेसी अधिनियम 2002 व प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के अंतर्गत वैधानिक विक्रय सूचना**

**नियम एवं शर्तें : (1)** विक्रय प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002के नियम व शर्तों के अधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा। **(2)** संपत्तियों की बिक्री **''जो है, "जहाँ है'', ''जो कुछ भी है'' के आधार** पर होगी। **(3)** ऊपर वर्णित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी को प्राप्त जानकारी के आधार पर है।किन्तु प्राधिकृत अधिकारी किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। **(4)** विक्रय अधिकृत ऑन लाइन ई-नीलामी सेवा प्रदाता के द्वारा वेबसाइट **https://baanknet.com** पर दिये गये दिनांक व समय पर किया जाएगा। **(5)** संपत्ति विक्रय से संबंधित नियम एवं शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट **www.pnbindia.in, https://baanknet.com** पर विजिट करें ।

**स्थानः कटनी, दिनांक 18.09.2026** — **पंजाब नेशनल बैंक प्राधिकृत अधिकारी**